भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 2505
सोमवार, 13 दिसम्बर, 2021/22 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

घरेलू पर्यटकों को प्रोत्साहन

2505. श्री विनोद लखमशी चावड़ा:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने एक वर्ष में 15 घरेलू पर्यटक स्थलों का दौरा करने वाले यात्रियों को उनके यात्रा खर्चे को प्रायोजित करके प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या उद्देश्य हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): जी नहीं महोदय। पर्यटन मंत्रालय ने देश की समृद्ध विरासत और संस्कृति के बारे में नागरिकों में जागरूकता पैदा करने तथा स्थानीय स्तर पर रोज़गार के सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था के विकास हेतु नागरिकों को देश के भीतर व्यापक रूप से यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करने और पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करने के उद्देश्य से जनवरी 2020 में देखो अपना देश पहल की शुरुआत की है। यह पहल माननीय प्रधान मंत्री के 15 अगस्त, 2020 के संबोधन के अनुरूप है, जिसमें उन्होंने घरेलू पर्यटन के संवर्धन के लिए प्रत्येक नागरिक से वर्ष 2022 तक कम से कम 15 गंतव्यों का दौरा करने के लिए कहा है।

इस पहल के तहत मंत्रालय देश की विविध संस्कृति, विरासत गंतव्यों और पर्यटन उत्पादों को प्रदर्शित करते हुए देखो अपना देश की समग्र थीम के तहत वेबिनार की एक श्रृंखला का आयोजन कर रहा है। पहल के हिस्से के रूप में अब तक विभिन्न राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों को कवर करते हुए 112 वेबिनार आयोजित किए जा चुके हैं।

जन जागरूकता पैदा करने के लिए, मंत्रालय ने MyGov.in प्लेटफॉर्म पर एक ऑनलाइन देखो अपना देश शपथ और प्रश्नोत्तरी की भी शुरूआत की है। ऑनलाइन शपथ और प्रश्नोत्तरी में सभी लोग भाग ले सकते हैं।

मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट तथा वेबसाइट पर और घरेलू भारत पर्यटन कार्यालयों द्वारा देखो अपना देश पहल का व्यापक रूप से प्रचार किया जा रहा है।

****